संख्या-170/2023/315रासनि/23-1-23/005-06आरएसएन/2022टीसी

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 लखनऊ::दिनांक 03 फरवरी, 2023

विषय- वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से प्रयागराज मण्डल के विभिन्न जनपदों के 25 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु अवशेष धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-2965/CE-HQ-1/RSN 5054/PRJ/2022-23, दिनांक 27.01.2023 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार प्रयागराज मण्डल के विभिन्न जनपदों के 25 मार्गों के स्वीकृत कार्यों हेतु अवशेष धनराशि के सापेक्ष कुल रू0 8,22,10,000/- (रूपये आठ करोड़ बाइस लाख दस हजार मात्र) की धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से स्वीकृत/निर्गत किये जाने की निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या	स्वीकृत / मूल लागत	अब तक शुद्ध आवंटित धनराशि	बचत	अवशेष धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	नि.ख.-2 फतेहपुर	अवारखेड़ा सम्पर्क मार्ग से अंगनाखेड़ा (छूटी कड़ी) सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण का कार्य।	45 /2020 /564 रासनि /23-1-20-14 रासनि /19 -दिनांक-27-02-2020	25.07	23.82	0.05	1.20	1.20
2	नि.ख.-2 फतेहपुर	मवइया से रतनतारा (छूटी कड़ी) सम्पर्क मार्ग।	57/2021/257 रासनि/23-1-21-96 रासनि/20-दिनांक-23-02-2021	142.67	107.01	15.09	20.57	20.57
3	नि.ख.-2 फतेहपुर	शाखा से जुकरा मार्ग (मिसिंग लिंक) के नवनिर्माण का कार्य।	57/2021/257 रासनि/23-1-21-96 रासनि/20-दिनांक-23-02-2021	84.68	73.84	4.75	6.09	6.09
4	प्रा.ख. फतेहपुर	रज्जीपुर छिवलहा से उड़गपुर सम्पर्क मार्ग।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20-दिनांक-25-03-2021	54.6	33.28	1.10	20.22	20.22
5	प्रा.ख. फतेहपुर	गोकुलपुर से लालदासपुर सम्पर्क मार्ग	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20-दिनांक-25-03-2021	133.75	70.16	8.92	54.67	54.67
6	प्रा.ख. फतेहपुर	यौहान से संग्रामपुर सम्पर्क मार्ग।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20-दिनांक-25-03-2021	80.53	46.21	3.35	30.97	30.97
7	प्रा.ख. फतेहपुर	कुम्हारन पुरवा से पट्टीशाह सम्पर्क मार्ग।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20-दिनांक-25-03-2021	65.36	37.51	2.85	25.00	25.00
8	प्रा.ख. फतेहपुर	गौरी मोड़ से आम्बी सम्पर्क मार्ग।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20-दिनांक-25-03-2021	97.56	44.83	3.88	48.85	48.85
9	नि.ख.-1 प्रतापगढ़	मसवन सियरिया प्रधानमंत्री सड़क से ऐंधा सम्पर्क मार्ग तक मार्ग का	315/2021/654 रासनि/23-1-21-68	63.83	32.77	0.25	30.81	30.81

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

क्रम सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या	स्वीकृत / मूल लागत	अब तक शुद्ध आवंटित धनराशि	बचत	अवशेष धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
		निर्माण कार्य।	रासनि/20 टी0सी0- दिनांक-30-11-2021					
10	प्रा.ख. प्रतापगढ़	डिहवा ग्राम से मौर्या बस्ती होते हुये शहीद स्व0 सतीश चन्द्र वर्मा के निवास स्थल तक सम्पर्क मार्ग।	30/2022/1894 रासनि/23-1-21-02 रासनि/21 टी0सी0- दिनांक-06-01-2022	62.71	6.27	6.21	50.23	50.23
11	प्रा.ख. प्रतापगढ़	सराय रतऊ का शेष भाग सम्पर्क मार्ग	40/2021/1937 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टीसी- दिनांक-07-01-2022	49.11	13.62	2.23	33.26	33.26
12	नि.ख. कौशाम्बी	टी0एन0पी0एस0 के किमी0 3 से डेरा सम्पर्क मार्ग (छूटी कड़ी)	04/2022/1853 रासनि/23-1-21-14 रासनि/21 टीसी- दिनांक-01-01-2022	51.73	10.35	8.39	32.99	20.00
13	नि.ख. कौशाम्बी	डहिया अनुसूचित आबादी से गंगा पुल तक सी0सी0 मार्ग (छूटी कड़ी)	04/2022/1853 रासनि/23-1-21-14 रासनि/21 टीसी- दिनांक-01-01-2022	69.74	13.95	8.87	46.92	40.00
14	नि.ख. कौशाम्बी	पवईया सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (छूटी कड़ी)	04/2022/1853 रासनि/23-1-21-14 रासनि/21 टीसी- दिनांक-01-01-2022	40.87	8.17	5.41	27.29	20.00
15	प्रा.ख. कौशाम्बी	रामसहायपुर ससुर खदेरी नदी पुल से चकिया गौराहार होते हुए सिराथू धाता मार्ग (ग्रामीण मार्ग) के सुधार का कार्य	01/2022/1857 रासनि/23-1-21-118 रासनि/18-दिनांक-01-01-2022	112.79	8.06	23.46	81.27	66.77
16	प्रा.ख. कौशाम्बी	थोन रोड से रघुनाथपुर सम्पर्क मार्ग (ग्रामीण मार्ग) के सुधार का कार्य	01/2022/1857 रासनि/23-1-21-118 रासनि/18-दिनांक-01-01-2022	148.38	10.18	30.83	107.37	87.87
17	प्रा.ख. कौशाम्बी	बम्बूपुर से कुण्ड़ाबी का पुरवा सम्पर्क मार्ग (छूटी कड़ी)	04/2022/1853 रासनि/23-1-21-14 रासनि/21 टीसी- दिनांक-01-01-2022	171.24	11.75	24.60	134.89	112.39
18	नि.ख.-3 प्रयागराज	कमालापुर तिराहे से गोपाल पाण्डेय के घर तक मार्ग नवनिर्माण का कार्य।	315/2021/654 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टी0सी0- दिनांक-30-11-2021	76.31	37.75	5.74	32.82	32.82
19	नि.ख.-3 प्रयागराज	रेरुवा पक्की सड़क से पूरे नक्कू प्राइमरी पाठशाला एवं सिंगापुर मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	315/2021/654 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टी0सी0- दिनांक-30-11-2021	63.88	31.2	7.49	25.19	25.19
20	नि.ख.-3 प्रयागराज	हथिगंहा धर्मराज पटेल के घर से बी0पी0 तिवारी लवकुश मिश्रा के बगल से होते हुये नाला तक सम्पर्क मार्ग।	315/2021/654 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टी0सी0- दिनांक-30-11-2021	26.37	16.39	3.40	6.58	6.58
21	नि.ख.-3 प्रयागराज	हथिगहॉ चफरी मार्ग के किमी0-3 से फतुहपुर सम्पर्क मार्ग।	315/2021/654 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टी0सी0- दिनांक-30-11-2021	30.65	19.26	3.67	7.72	7.72
22	नि.ख.-3 प्रयागराज	रामजी का पूरा नवाबगंज, मुख्य मार्ग भोला पटेल की चक्की से गौरीशंकर दुबे के घर तक सम्पर्क मार्ग।	315/2021/654 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टी0सी0- दिनांक-30-11-2021	37.2	23.74	3.92	9.54	9.54
23	नि.ख.-3 प्रयागराज	रीवा गौरा मार्ग से चौखटा सम्पर्क मार्ग	315/2021/654 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टी0सी0- दिनांक-30-11-2021	92.82	9.28	14.56	68.98	42.74
24	प्रा.ख. प्रयागराज	निरिया में स्माल बिरिया सम्पर्क मार्ग।	95/2021/475 रासनि/23-1-21-80 रासनि/20-दिनांक-17-03-2021	19.68	12.79	0.85	6.04	6.04
25	प्रा.ख. प्रयागराज	बेंदों में हाइनुलिवापुर/ पश्चिम का पुरा सम्पर्क मार्ग।	95/2021/475 रासनि/23-1-21-80 रासनि/20-दिनांक-17-03-2021	84.56	61.04	0.95	22.57	22.57
							कुल योग-	822.10

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(1) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2023 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को दिनांक 30 अप्रैल, 2023 तक उपलब्ध करा दिया जाय। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन कार्यों के लिए किसी अन्य आदेश से स्वीकृति/आवंटन तो प्राप्त नहीं है और यदि दोहरी स्वीकृति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त कराते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय ।

(2) लेबर सेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय ।

(4) राज्य सड़क निधि हेतु गठित राज्य सड़क प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा । यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रयोजन हेतु व्यय की गयी है ।

(5) समस्त कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पदित कराये जाये ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय ।

(6) इस निधि से स्वीकृत कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय ।

(7) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून 2022 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रू0 8,22,10,000/- (रूपये आठ करोड़ बाइस लाख दस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 लेखाशीर्षक 5054043375800 राज्य सड़क निधि से सड़कों का निर्माण/सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण मानक मद 24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राजेश प्रताप सिंह

उप सचिव।

संख्या-170/2023/315रासनि/23-1-23/005-06आरएसएन/2022टीसी, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0मंत्री जी/मा0राज्य मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
4- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
5- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
6- संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।
9- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
10- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
11- नोडल अधिकारी (आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
12- गार्ड फाइल

आज्ञा से,

राजेश प्रताप सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।